पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन पर महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया

## मॉरीशस के प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में भगवान श्रीरामलला के दर्शन–पूजन किये

**लखनऊ : 12 सितम्बर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ0 नवीनचन्द्र रामगुलाम जी के अयोध्या आगमन पर महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके उपरान्त, मॉरीशस के प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी ने श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में भगवान श्रीरामलला के दर्शन–पूजन किये। इस अवसर पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री जी की धर्मपत्नी श्रीमती वीना रामगुलाम भी उपस्थित थीं।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री जी ने मुख्यमंत्री जी के साथ श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री जी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री जी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री जी को महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदाई दी।

———————

***PN-CM-Ayodhya Visit-Mauritius PM-12 September, 2025***